आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ.0 दिनेश शर्मा आज हैडो जेट्टी में अंडमान निकोबार एम्पोरियम सागरिका आउटलेट का उद्घाटन करेंगे।
2. द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों के मतदाताओं की सूची तैयार –दावे और आपत्तियां 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक दर्ज की जा सकती है।
3. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से प्रदर्शनी मैदान में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
4. कैम्पबेल बे में फार्मर आईडी पंजीकरण के लिए विशेष अभियान आज से शुरू।

<><><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से हैडो जेट्टी के यात्री प्रतीक्षा कक्ष में अंडमान निकोबार एम्पोरियम सागरिका आउटलेट स्थापित किया गया है। इस आउटलेट का उद्घाटन द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा आज शाम तीन बजे करेंगे। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट 2027–28 से पहले कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ कल नई दिल्ली में बजट–पूर्व दूसरी परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।

इससे पहले वित्त मंत्री ने प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व पहली परामर्श बैठक की। वित्त मंत्रालय प्रतिवर्ष विशेषज्ञों, उद्योगपतियों, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई बजट–पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित करता है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों के मतदाताओं की सूची तैयार कर ली गई है। इस संबंध में जारी सूचना के अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने को लेकर किसी भी प्रकार का सुझाव या आपत्ति दर्ज कराने के लिए 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक का समय निर्धारित किया गया है। सुझाव या आपत्तियां फार्म–2 में भरकर डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत, फरारगंज, श्री विजयपुरम, लिटिल अंडमान और कैम्पबेल बे के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के पास दो प्रतियों में जमा करने होंगे।

आगामी चुनाव को देखते हुए पंचायतों और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण एवं अद्यतन की प्रकिया शुरू की जा रही है। इसके अनुसार 19 नवम्बर तक मतदाता सूची का प्रारूप तैयार किया जाएगा। मुद्रण 20 नवम्बर और 21 नवम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर, दावे और आपत्तियों का निपटारा 8 दिसम्बर को किया जाएगा। 10 दिसम्बर को अंतिम मतदाता सूची तैयार कर 11 दिसम्बर को इसका प्रकाशन किया जाएगा।

<><><><><><><>

उत्तराखंड में इस वर्ष की चारधाम यात्रा का समापन कल बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने के साथ हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूरे विधि–विधान से मंदिर के कपाट बंद किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद थे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में सरस आजीविका मेला जारी है। इस मेले का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विपणन करने के लिए एक मंच प्रदान करना तथा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना है। मेले के हिस्से के रूप में, कल फ्लावर शो और छब्बीस नवंबर को बेबी शो आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने वर्ष 2027 की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं अगले वर्ष 16 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। 10वीं की परीक्षाएं 9 मार्च को और 12वीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल को समाप्त होंगी। अधिक जानकारी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने पुलिस की गतिशीलता बढ़ाने, आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत करने और पूरे जिले में जनता को त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए 08 नए पीसीआर वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया है। इस पहल के साथ, जिले के सभी पुलिस स्टेशनों में अब कम से कम एक पीसीआर वाहन प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, जिले में आपातकालीन हेल्पलाइन 112 अब चौबीसों घंटे पूरी तरह से चालू है। नागरिकों से आपात स्थिति के दौरान तत्काल पुलिस सहायता और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए इस सेवा का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक प्रदर्शनी मैदान में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान खाद्य स्टॉल, सामान्य स्टॉल, कियोस्क और खुले स्थानों पर स्टॉल लगाने के लिए इच्छुक होटल एवं रेस्तरां मालिकों, निजी फर्मों, खाद्य विक्रेताओं तथा स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशालय के अनुसार, स्टॉलों का आवंटन निर्धारित समिति द्वारा लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा। इच्छुक आवेदकों को आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज, निर्धारित शुल्क और आवश्यक घोषणाएं जमा करनी होंगी। भरे हुए आवेदन 25 नवंबर तक पर्यटन निदेशालय में जमा किए जा सकेंगे। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। स्टॉलों का आवंटन 1 दिसंबर को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में गांधी नगर में आज फार्मर आईडी पंजीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से क्षेत्र के सामुदायिक हॉल में लगेगा। अधिक जानकारी के लिए बी. कालिदास से 9531912634 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास और दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र की ओर से कल ब्रुक्शाबाद स्थित सीआरसी परिसर में बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 दिव्यांगजनों ने अपने अभिभावकों और देखभालकर्ताओं के साथ भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोपीकृष्ण सी ने दिव्यांग बच्चों के कल्याण, पुनर्वास तथा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में केन्द्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने और बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><><>

राधानगर बीच पर तैनात लाइफगार्ड्स के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन और प्राथमिक चिकित्सा प्रतिक्रिया पर विशेष रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समुद्र तट पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के उद्देश्य से यह संयुक्त कार्यक्रम चिकित्सा विभाग, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा और पुलिस मरीन फोर्स के समन्वय से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुद्र तट पर पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए लाइफगार्ड्स के बचाव और चिकित्सा कौशल को उन्नत करना था।

<><><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में भारतीय तटरक्षक बल की ओर से 25 नवम्बर को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी संबंधितों को फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 118 के तहत परिवहन वाहनों की निर्दिष्ट श्रेणियों में गति सीमा उपकरण लगाना अनिवार्य कर दिया है। नियम के तहत, अधिसूचित भारी वाहनों के लिए अधिकतम निर्धारित गति 80 किमी प्रतिघंटा है, जबकि अन्य वाहन श्रेणियों के लिए 60 किमी प्रतिघंटा की अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है। राज्य परिवहन विभाग की ओर से

उल्लंधनकर्ताओं की पहचान करने के लिए प्रवर्तन गतिविधि चलाई जा रही है। फिटनेस परीक्षण और अन्य प्रवर्तन गतिविधियों के दौरान निरीक्षण और सत्यापन किया जाएगा। उल्लंघनकर्ताओं पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी, जिसमें फिटनेस प्रमाण पत्र और परमिट से संबंधित कार्रवाई शामिल है।

<><><><><><><><>